# Seventeenth Loksabha

an>

**Title : Regarding release of Fund allocated to Assam under the Flood Management Programme.**

**श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा)**: सभापति जी, सभी को पता है कि असम बाढ़ प्रभावित राज्य है । बाढ़ और कटाव, इन दोनों को रोकने के लिए फ्लड मैनेजमेंट प्रोग्राम (एफएमपी) है । बहुत दुख की बात है कि प्रधान मंत्री मोदी जी और यह सरकार पूर्वोत्तर भारत की बात करते हैं और कहते हैं कि पूर्वोत्तर को बहुत कुछ दिया है । वर्ष 2022 में पूर्वोत्तर के लिए जरूर 125 करोड़ रुपये दिए गए हैं लेकिन वर्ष 2016 से 2022 तक एफएमपी प्रोग्राम में सैंटर के कंट्रीब्यूशन का एक पैसा भी नहीं दिया गया है । पूर्वोत्तर के लिए नियम 90:10 है । यदि ऐसा होगा तो बाढ़ और कटाव की समस्या कैसे सोल्व होगी? सारे असम में विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी और जितनी इसकी उपनदियां हैं, सभी से कटाव होता है और हर साल कटाव के कारण बहुत सारे लोग बेघर होते जा रहे हैं । जब ये लोग अर्बन एरियाज में काम के लिए जाते हैं, तो उन्हें बांग्लादेशी भी कहा जाता है । यह सोशल और इकोनॉमिक प्राब्लम भी है इसलिए एफएमपी में सरकार को तुरंत पैसा देना चाहिए । एनडीआरएफ में भी सिर्फ 250 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं । महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से, जल शक्ति मंत्रालय से रिक्वेस्ट करता हूं कि एफएमपी में जितना पैसा ड्यू है, उसे तुरंत देना चाहिए तथा इसके साथ ही एनडीआरएफ का भी पैसा देना चाहिए ।